पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ० प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
————

राज्यपाल ने श्रमिक दिवस के अवसर पर बधाई दी

————————

लखनऊ : 30 अप्रैल, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने श्रम दिवस के अवसर पर, अथक परिश्रम करने वाले सभी श्रमिक भाई—बहनों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि यह दिवस हमारे करोड़ों मजदूर भाई—बहनों की मेहनत और लगन के सम्मान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारे श्रमिक भाई—बहन एक बेहतर और समृद्ध भारत की नींव तैयार कर रहे हैं, सही अर्थों में वे हमारे राष्ट्र—निर्माता हैं।

————

कृष्ण कुमार—सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र—9454468250